भारत सरकार

महानिदेशक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली

प्रतिनियुक्ति के आधार पर केऔसुब में लेखाकार के पद को भरने के संबंध में.

केऔसुब में लेखाकार के 02 (दो) पदों को, 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमान रु. 35,400-1,12,400/- में, वेतन स्तर-6 में, 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. चयन प्रतिनियुक्ति पद्धति से किया जाएगा.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन.

विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया केऔसुब की वेबसाइट: www.cisf.gov.in पर लॉग ऑन करें.

CBC 19113/11/0009/2627

EN 32/76

संख्या ई-16016/1/ प्रतिनियुक्ति (लेखा/2025/ स्था-II/ 3683

महानिदेशक

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली
दिनांक : 09/11/2026

//रिक्ति परिपत्र//

विषय : प्रतिनियुक्ति के आधार पर केऔसुब में लेखाकार के पद को भरने के संबंध में।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (केऔसुब), गृह मंत्रालय में लेखाकार (वेतन स्तर-6) के 02 (दो) रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना है।

2. विवरण निम्नानुसार है :

पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	जहाँ रिक्ति विद्यमान है	वेतन बैंड एवं ग्रेड पे
लेखाकार	02	केऔसुब मुख्यालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली	वेतन मैट्रिक्स का लेवल-6, 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार (रु. 35,400–1,12,400/-) (ग्रेड वेतन रु. 4200/- पूर्व-संशोधित)

3. पात्रता मानदंड/शर्तें निम्नानुसार हैं :

ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है या किसी भी संगठित लेखा विभाग जैसे भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, भारतीय रक्षा लेखा विभाग, भारतीय रेल लेखा विभाग की समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की है

अथवा,

ऐसे व्यक्ति, जो केन्द्रीय सरकार के विभाग के अधीन नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है और जो आई एस टी एम से रोकड़ तथा लेखा में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।

4. प्रतिनियुक्ति की शर्तें:

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्तियों का वेतन एवं अन्य शर्तें, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों तथा केऔसुब नियमों के अनुसार नियंत्रित होगी।

5. प्रतिनियुक्ति की अवधि :

प्रतिनियुक्ति की अवधि, केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल करते हुए , साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी

6. आयु-सीमा

प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7. इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों का आवेदन, जिन्हें चयन किए जाने की स्थिति में सेवाओं से अबिलंब मुक्त किया जा सकता है, संलग्न निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक-I) व निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचनाओं सहित उचित माध्यम से अग्रेषित किया जा सकता है :

i) पिछले 5 वर्षों की एपीएआर ग्रेडिंग।
ii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।
iii) संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार सतर्कता मंजूरी प्रमाण-पत्र।
iv) पिछले 10 वर्षों के बड़ी/छोटी शास्तियों का विवरण तथा संवर्ग मंजूरी प्रमाण-पत्र, जिसमें यह प्रमाणित हो कि चयन होने की स्थिति में अधिकारी को प्रतिनियुक्ति के आधार पर केऔसुब में कार्यभार ग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

08. उपर्युक्त पदों हेतु नामांकन, सहायक महानिरीक्षक (स्थापना), केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, ब्लॉक संख्या-13, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों/सूचनाओं के साथ इस परिपत्र के जारी होने की तिथि अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि, जो भी बाद में हो, से 60 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए।

09. सभी आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाने चाहिए। कोई भी अग्रिम आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अपूर्ण आवेदन और/या ऊपर उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों के पूर्ण सेट के बिना अग्रेषित किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा बिना कोई पत्राचार किए अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

10. यह ध्यान दिया जाए कि चयन होने की स्थिति में उम्मीदवारों को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति चयन के पश्चात पद पर कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहता/रहती है, तो उसे केऔसुब में भविष्य की प्रतिनियुक्ति से वंचित कर दिया जाएगा।

11. यह महानिदेशक/केऔसुब के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

12. किसी जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 011-24361847 तथा ई-मेल aig-estt@cisf.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

9/11/2

(डी. एस. डैनियल धनराज)
सहायक महानिरीक्षक/स्थापना
केऔसुब मुख्यालय, नई दिल्ली

संलग्नक : यथोपरि।

वितरण :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (के.स.पु.ब.) के सभी प्रमुख
3. लेखा महानियंत्रक, पश्चिम ब्लॉक संख्या 5, आर.के. पुरम, नई दिल्ली।
4. लेखा महानियंत्रक, लोक नायक भवन, नई दिल्ली।

मूल प्रति पर नहीं :

1. सहायक महानिरीक्षक/ तकनीकी बल मुख्यालय, नई दिल्ली : विज्ञापन को केऔसुब की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
2. सभी अपर महानिदेशक/ केऔसुब एवं सभी महानिरीक्षक / केऔसुब : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

अनुलग्नक-I

विवरण प्रपत्र/ करिकुलम विटा प्रोफार्मा

1- नाम और पता (बड़े अक्षरों में)	
2- जन्मतिथि (ई-में)	
3- i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
ii) केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि	
4- शैक्षणिक योग्यता	
5- क्या शैक्षिक तथा अन्य योग्यता पद के लिए पर्याप्त हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित योग्यता के बराबर माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरण का उल्लेखखित करें)	अधिकारी द्वारा धारित योग्यता / अनुभव
आवश्यक योग्यता /अनुभव (विज्ञापन/ रिक्ति परिपत्र के अनुसार)	अधिकारी द्वारा धारित योग्यता / अनुभव
अनिवार्य	अनिवार्य
क) योग्यता	क) योग्यता
ख)अनुभव	ख)अनुभव
वांछनीय	वांछनीय
क) योग्यता	क) योग्यता
ख)अनुभव	ख)अनुभव
5-1 नोट : परिपत्र जारी करने और रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी करने के समय प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में उल्लिखित आवश्यक और वांछनीय योग्यताओं की जानकारी देने के लिए इस कॉलम को विस्तारित किया जाए ।	
5-2 डिग्री और स्नातकोतर योग्यता के मामले में वैकल्पिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों का विवरण उम्मीदवार द्वारा दिया जा सकता है ।	
6- कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुसार आप पद के लिए अपेक्षित आवश्यक योग्यता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं।	
6-1 नोट : प्रतिनियुक्ति पर लेने वाले विभागों को उम्मीदवार द्वारा आवेदन किए गए पद के संबंध में उम्मीदवार की अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव (जैसा की विवरण प्रपत्र में दर्शाया गया हो) की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियाँ /विचार देने होंगे।	

7. रोजगार का विवरण, कालक्रमानुसार। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

कार्यालय/ संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	* नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और ग्रेड पे/ वेतनमान	कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभवो को स्पष्ट करें

* **महत्वपूर्ण** एसीपी/एमएसीपी के तहत दिए गए वेतन स्तर/वेतनमान/वेतन मैट्रिक्स स्तर, अधिकारी के लिए व्यक्तिगत है अतः इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। नियमित आधार पर धारित पद के केवल पे बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए। वर्तमान पे बैंड और ग्रेड पे के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण, जहां उम्मीदवार द्वारा इस तरह के लाभ प्राप्त किए गए है, निम्नानुसार दिया जा सकता है :

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित पे, पे बैंड और ग्रेड पे	से	तक

8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति : तदर्थ (एडहॉक) या अस्थायी या अर्ध.स्थायी या स्थायी			
9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर धारित किया गया है, तो कृपया बताएः			
क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	ग) आवेदक के मूल कार्यालय /संगठन का नाम	घ) मूल कार्यालय/संगठन में स्वतंत्र प्रभार में धारित पद का नाम और वेतन
9.1 नोटः पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अधिकारियों के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन को मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर मंजूरी, सतर्कता मंजूरी और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।			
9.2 नोटः उपरोक्त कॉलम (ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में ग्रहणाधिकार बनाए हुए है।			

10. यदि आवेदक ने पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया हो तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण।	
11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः किसके अधीन कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें) अ) केंद्रसरकार आ) राज्य सरकार इ) स्वायत्तसंगठन ई) सरकारीउपक्रम उ) विश्वविद्यालय च) अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप समान विभाग में काम कर रहे हैं और क्या फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं।	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, तो संशोधन की तिथि बताएं और पूर्व-संशोधित पैमाने को भी इंगित करें।	
14. वर्तमान मे प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां (Emoluments)	

पै-बैंड मे मूल वेतन	ग्रेड पे	कुल परिलब्धियां

15- यदि अभ्यर्थी ऐसे संगठन में कार्यरत है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का अनुसरण नहीं करता तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न करें जिसमे निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हों।

वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूलवेतन	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (विवरण के साथ)	कुल परिलब्धियां

16. क) अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जो आपके द्वारा आवेदन किए गए पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में प्रासंगिक हो। (परिपत्र/विज्ञापन में विनिर्दिष्ट बातों के अलावा, यदि अन्य (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) पेशेवर प्रशिक्षण और (iii) कार्य अनुभव हो तो उसकी सूचना दें) (नोटः यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें।)	

16. ख) उपलब्धियां: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें: (1) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं (2) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा (3) पेशेवर निकायों/संस्थानों/समाजों के साथ संबद्धता और (4) अपने नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त किए गए पेटेंट (5) आधिकारिक मान्यता से जुड़े कोई भी शोध/नवाचार उपाय (6) कोई अन्य जानकारी (नोटः यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें।)	
17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति / आमेलन / पुनः रोजगार के आधार पर आवेदन कर रहे हैं। #(केंद्र/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी केवल "आमेलन" के लिए पात्र है। गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं।)	
#अल्पकालिक अनुबंध / आमेलन / पुनः रोजगार का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से अल्पकालिक अनुबंध या आमेलन या पुनः रोजगार द्वारा भर्ती को विनिर्दिष्ट किया गया हो।)	
18. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मुझे भलीभांति ज्ञात है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्यअनुभव के संबंध में दस्तावेजों सहित विवरण प्रपत्र/करिकुलम विटा प्रोफार्मा में दी गई जानकारी का मूल्यांकन पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी / विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाले किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तारीख .....

पता .....

स्थान .....

प्रतिहस्ताक्षरित

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर

(कार्यालय मुहर के साथ)

नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में प्रदान की गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। आवेदक के पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव है। यदि आवेदक चयनित किया जाता है, तो उसे तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

i. श्री/श्रीमती के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्यक मामला लंबित नहीं है।और न ही विचाराधीन है।

ii. इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii. इनका मूल सीआर डोजियर संलग्न है/ पिछले 5 वर्षों की एसीआर की फोटोकॉपी संलग्न है, जिसे अपरसचिव भारत सरकार या उच्चतर रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया है।

iv. पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई बड़ी छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाई गई बड़ी छोटी शास्ति की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के हस्ताक्षर मुहर के साथ)